वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा

प्रबंध मंडल की 104 वीं बैठक (आपात बैठक)
14 मार्च 2023 मध्यान्ह् बाद 3.00 बजे

(गांधी भवन)

कार्यवाही विवरण

प्रबंध मण्डल की 104 वीं बैठक (आपात बैठक) दिनांक 14 मार्च 2023 को अपरान्ह बाद 3.00 बजे विश्वविद्यालय मुख्यालय स्थित गांधी भवन में आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुएः–

1. डॉ0 कैलाश सोडाणी, कुलपति, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा	अध्यक्ष
2. प्रो0 (डॉ0) सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी, आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, राजनीति विज्ञान संत विनोबा पी.जी.कॉलेज, देवरिया–उ0प्र0	सदस्य
3. डॉ0 सतोष कुमार शील देहरादून – उत्तराखण्ड	सदस्य
4. संभागीय आयुक्त, कोटा प्रतिनिधि (शासन सचिव, वित्त)	सदस्य
5. प्रो0 बी0 अरूण कुमार , आचार्य, राजनीति विज्ञान, वमखुविवि,कोटा	सदस्य
6. डा0 अनिल कुमार जैन निदेशक (क्षेत्रीय सेवायें) वमखुविवि,कोटा।	सदस्य
7. डॉ0 जितेन्द्र कुमार शर्मा निदेशक, क्षे.के., जयपुर	सदस्य

8. श्री के.के. गोयल
कुलसचिव
वमखुविवि,कोटा।

सचिव

9. श्री महेश चन्द मीना
नियन्त्रक, वित्त
वमखुविवि,कोटा।

विशेष आमंत्रित

सर्वप्रथम माननीय कुलपति महोदय ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए पन्द्रहवें दीक्षांत समारोह के सफल आयोजन में सहयोग के लिए विश्वविद्यालय परिवार को धन्यवाद ज्ञापित किया , सदन को जानकारी दी कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार नेक (NAAC) द्वारा विश्वविद्यालय का एक्रिडिटेशन **(Accredition)** शीघ्र करवाया जाना आवश्यक है, जिसकी तैयारियां की जा रही है, ताकि भविष्य में विश्वविद्यालय को अपने शैक्षणिक कार्यक्रमों के संचालन एवं अनुदान प्राप्त करने में सुविधा रहे।

तत्पश्चात कुलसचिव ने माननीय कुलपति महोदय की अनुमति से बैठक का बिन्दुवार कार्यसूची विवरण प्रस्तुत करते हुए आपात बैठक की आवश्यकता के कारणों की सदन को जानकारी देते हुए बैठक में प्रस्तावित कार्यसूची विवरण पर विचार विमर्श उपरांत निम्नानुसार निर्णय किए गए :–

104/01 **<u>प्रस्ताव</u>:–**भवन उप समिति की 33वीं बैठक दिनांक 01 मार्च 2023 के कार्यवाही विवरण का अवलोकन एवं अनुमोदन का प्रस्ताव।

<u>निर्णयः</u>– भवन उप समिति की 33 वीं बैठक दिनांक 01 मार्च 2023 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन करते हुए सदन द्वारा मुख्यालय स्थित परिसर में पार्किंग शेड के निर्माण के लिए रू0 50,05,235.00, मुख्यालय स्थित भवनों की पुताई कार्य के लिए रू0 35,62,500.00 एवं जयपुर स्थित्त क्षेत्रीय केन्द्र के लिए रू0 19,67,267.00 तथा क्षे0के0 जयपुर की छत मरम्मत के लिए 4,19,295 रू0 के प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया।

माननीय सदस्य प्रो0 बी0अरूण कुमार द्वारा आसन की अनुमति से यह बिंदु भी विचार हेतु प्रस्तुत किया कि चूंकि संत सुधासागर सभागार का लोकापर्ण माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा आज किया गया है, इसे पूर्णतया सुसज्जित करने के लिए इसमें आवश्यक फर्नीचर, एवं अन्य उपकरणों को स्थापित करने के सम्बन्ध में विचार विमर्श कर निर्णय कर लिया जाना उचित होगा। सदस्यगणों द्वारा इस पर सहमति व्यक्त किए जाने के बाद निर्णय किया गया कि संत सुधासागर सभागार में लगाए जाने वाले फर्नीचर एवं उपकरणों को स्थापित किए जाने की सैद्वान्तिक सहमति व्यक्त करते हुए इस पर आने वाले अनुमानित खर्चे आदि के सम्बन्ध में बजट प्रावधान का अनुमोदन वित्त समिति के माध्यम से करवा लिया जाए

104 / 02 **प्रस्तावः**—GEM पोर्टल के माध्यम से गोदरेज फर्निचर क्रय करने के सम्बन्ध में राज्य सरकार को प्रेषित प्रस्ताव का अवलोकन एवं अनुमोदन का प्रस्ताव।

निर्णयः— सदन द्वारा नेक(NAAC) टीम की विजिट को ध्यान में रखते हुए क्लास रूम, प्रयोगशालाऐं एवं सेमिनार हॉल एवं ऑडिटोरियम को पूर्णतया सुसज्जित करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए एवं फर्निचर की गुणवत्ता टिकाउ व मजबूती के मध्यनजर क्रय किया जाने वाला फर्निचर आदि गोदरेज मेक का क्रय किए जाने का निर्णय किया गया जिसकी अनुमानित लागत 87.51 लाख रूपये के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

104 / 03 **प्रस्तावः**—कंप्युटर आदि क्रय करने हेतु राज्य सरकार को प्रेषित प्रस्ताव का अवलोकन एवं अनुमोदन का प्रस्ताव।

निर्णयः— नेक(NAAC) टीम की विजिट से पूर्व अति आवश्यक कंप्युटराईजेशन कार्य को ध्यान में रखते हुए आई0टी0 से सम्बन्धित नए उपकरण यथा कंप्युटर , प्रिटरं, प्रोजेक्टर, स्मार्ट बोर्ड एवं यू0पी0एस0 आदि की आवश्यक खरीद करने का निर्णय किया गया एवं उक्त खरीद हेतु 87,30,200 / —रू0 के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया ।

अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

28/3/23

कुलसचिव
सचिव, प्रबंध मंडल